कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 15-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा थाना फूलपुर के नवीन भवन निर्माण हेतु किया गया भूमि-पूजन, 7.85 करोड़ की लागत से बनेगा नया भवन ।

- **थाना फूलपुर के नवीन भवन के निर्माण का भूमि-पूजन कार्यक्रम, माननीय विधायक पिण्डरा एवं पुलिस आयुक्त ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भवन निर्माण की रखी आधारशिला ।**
- **7.85 करोड़ की लागत से बनने वाले नया थाना भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से होगा युक्त, सरकार की "स्मार्ट पुलिसिंग" की पहल के तहत एक महत्वपूर्ण कदम ।**
- **थाना भवन निर्माण में गुणवत्ता व समय सीमा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही ग्रीन बेल्ट के रूप में निर्धारित स्थान पर पौधारोपण किये जाने का दिया गया निर्देश ।**

आज दिनांक 15.01.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा थाना फूलपुर हेतु नये थाना भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया । माननीय विधायक पिण्डरा श्री अवधेश सिंह एवं पुलिस आयुक्त महोदय ने विधिवत पूजा अर्चना कर भवन निर्माण की आधारशिला रखी । भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि यह भवन न केवल पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर कार्यक्षेत्र प्रदान करेगा बल्कि जनता के शिकायतों के निस्तारण में भी महत्वपूरण भूमिका निभायेगा । भवन का निर्माण गुणवत्ता और समय सीमा को ध्यान में रखकर किया जायेगा । भवन में सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, महिला सहायता कक्ष, डिजिटल रिकार्ड सिस्टम, प्रशासनिक कक्ष, कार्यालय आदि प्रशासनिक सुविधायें उपलब्ध होंगी । इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।